सर्वोटेक पावर सिस्टम्स ने राजस्थान में शुरू की सुपर डिस्ट्रीब्यूटरशीप

जयपुर। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने जयपुर में सुपर डिस्ट्रीब्यूटरशीप शुरू की है। राजस्थान में सोलर प्रोडक्ट्स का वितरण नेटवर्क स्थापित करने के लिए सर्वोटेक पावर सिस्टम्स और लीलमैक्स पावर सॉल्यूशन ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए है। सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के वाइस प्रेसीडेन्ट (चैनल सेल्स) कुलबीर सिंह ने कहा कि, सर्वोटेक भारत में सोलर प्रोडक्ट्स का अग्रणी उत्पादक है और कई प्रमुख सोलर प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। हम राजस्थान में व्यापार विस्तरण करते हुए रोमांचित और गौरवान्तित महसूस कर रहे है। यहां चैनल की बिक्री निश्चित रूप से कस्बों और गांवों में सौर प्रसार प्रदान करेगी और कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में योगदान देगी, जिससे बेहतर इको सिस्टम विकसित करने में मदद मिलेगी। राजस्थान सौर ऊर्जा का हब है और यह बेहतर और ग्रीन(हरित) जीवन के मानवीय लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगा।

सर्वोटेक पावर सिस्टम्स के सीनियर जीएम (चैनल सेल्स) महेश रावत ने कहा कि, हमने जयपुर-राजस्थान में अपना सुपर डिस्ट्रीब्यूटर शुरू किया है और इसके माध्यम से राजस्थान के सभी जिलों में सर्वोटेक के सभी उत्पादों की आपूर्ति करेंगे। इससे उत्पादों की तत्काल पहुंच और प्रसार में मदद मिलेगी और आफ्टर सेल्स सर्विस में तेजी आएगी। कंपनी के विजन और वार्षिक लक्ष्यों के अनुरूप इसी तरह के मॉडल को महाराष्ट्र और गुजरात राज्यों में भी लागू किया जाएगा।